# 15 वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के सम्बन्ध में नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण



**शाहजहांपुर।** अपर निदेशक प्रशिक्षण पी०के० श्रीवास्तव द्वारा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के सम्बन्ध में नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण। प्रषिक्षण कार्यक्रम में सर्विस लेवल इन्डीकेटर्स व लक्ष्य के बारे में बताया गया। प्रषिक्षण में अपर निदेशक प्रशिक्षण पी०के० श्रीवास्तव द्वारा सर्विस लेवल इन्डीकेटर्स व लक्ष्य के अन्तर्गत प्रति व्यक्ति प्रति दिन जलापूर्ति, उत्पादित पेयजल का वह अंश जो यूटिलिटी की श्रेणी में नही आता है और न ही जिससे कोई राजस्व अर्जित होता है, में कमी लाना, सीवरेज/सेप्टेड व्यवस्था का गृह आच्छादन, पाइपलाइन के माध्यम से जलापूर्ति के आच्छादन हेतु गृह संयोजन के बारे में बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि सिटी फाईनेन्स पोर्टल पर सर्विस लेवल इण्डीकेटर्स संबधी सूचनायें एवं पीडीएफ फाइल में गार्वेज फ्री स्टार रेटिंगए कवरेज ऑफ वाटर सप्लाई फॉर पब्लिक/कम्यूनिटी टायॅलेट संबधी सूचनायें 15 अगस्त तक भारत सरकार को अनिवार्य रुप से सबमिट करा दिया जायें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्लान फॉर गार्वेज फ्री स्टार रेटिंग ऑफ द सिटी से संबधित प्लान में बेसलाइन वर्श 2020-21 के अन्तर्गत डोर.टू.डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु निर्धारित बेन्चमार्क 100 प्रतिशत के सापेक्ष लक्ष्य में कमी की गैप फिलिंग किये जाने हेतु एवं कूड़े के स्रोत पर सेग्रीगेशन से संबधित निर्धारित बेन्चमार्क 100 प्रतिशत के सापेक्ष निर्धारित लक्ष्य में कमी की गैप फिलिंग हेतु प्रस्तावित योजना में आई०ई०सी० गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये जन जागरुकता हेतु विषेश अभियान आयोजित करना, गार्बेज फ्री सिटी के विभिन्न मानकों हेतु आई०ई०सी० गतिविधियों के साथ निकाय में सम्बद्ध सफाई कर्मियों का समूचित प्रषिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित करने की योजना के बारे में बताया गया। प्रषिक्षण कार्यक्रम में अपर निदेशक प्रशिक्षण महोदय पी०के० श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित किया गया कि इस कार्य के लिये यदि अभी तक किसी को नोडल अधिकारी नामित न किया गया हो तो इस कार्य के लिये संबधित अधिकारी को अविलम्ब नोडल अधिकारी नामित करते हुये उनके नाम, पदनाम, मोबाइल नम्बर तथा ई.मेल आईडी की सूचना उपलब्ध करायें। जिसमें प्रषिक्षण कार्यक्रम में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि नगर निगम, शाहजहॉपुर से लेखाधिकारी सी०पी मौर्य को नोडल अधिकारी नामित कर दिया गया है। प्रषिक्षण कार्यक्रम में नगर आयुक्त महोदय संतोश कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस०के० सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अंगद गुप्ता, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकगण तथा अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।